अनुस्मारक/आवश्यक/समयबद्ध

पत्रसंख्या–स0नि0–जियो टैगिंग–परिसम्पत्तियां/2021–22/ 677 /वाणिज्य कर

कार्यालय–कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0 प्र0, लखनऊ।

(सम्पत्ति–अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 10, फरवरी, 2022

1– समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर उ0 प्र0।

2– अपर निदेशक, प्रशिक्षण संस्थान गोमती नगर लखनऊ।

3– डिप्टी कमिश्नर (प्रभारी–नजारत) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

विषय– प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के नियोजन, कियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण को जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जी0आई0एस0) आधारित प्रणाली के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या–533 दिनांक 18.11.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा शासन के पत्र दिनांक 28.09.2020 से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं परियोजनाओं के नियोजन, कियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण को जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जी0आई0एस0) आधारित प्रणाली के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में जी0आई0एस0 डेटा/मेटाडेटा एवं सृजित परिसम्पत्तियों की जियो टैगिंग किये जाने के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना सॉफ्ट कॉपी Ms Excel एवं हिन्दी में Unicode में निदेशक रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर उ0 प्र0 लखनऊ को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश मा0 मुख्य सचिव उ0 प्र0 शासन द्वारा दिये गये हैं।

उपरोक्त दिये गये निर्देशों के कम में **जनपद इटावा, फिरोजाबाद, औरयया, कन्नौज, बस्ती, मेरठ, मुरादाबाद तथा अमरोहा से वांछित सूचना प्राप्त हुई हैं, किन्तु जनपद अयोध्या, बाराबंकी, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, बरेली, प्रयागराज, फतेहपुर, गाजियाबाद गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, संतकबीरनगर, महाराजगंज, झांसी, प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ, बिजनौर, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, नोयडा, वाराणसी, मऊ व सहारनपुर से विभागीय कार्यालय/आवासीय भवनों/भूमि/सहायता केन्द्र भूमि की अपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है तथा जनपद आगरा, अलीगढ़, पीलीभीत, कानपुर, लखनऊ, वाणिज्य कर मुख्यालय, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली व वाराणसी से वांछित सूचना अभी तक प्राप्त ही नहीं हुई है।**

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि **वाणिज्य कर विभाग के कार्यालय भवनों, विभागीय आवासीय भवनों, निर्माणाधीन परियोजनाएं, वाणिज्य कर विभाग के कार्यालय/आवासीय भवन के निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि तथा वाणिज्य कर विभाग के विभागीय भूमि पर स्थापित पूर्व सहायता केन्द्र की सूची सॉफ्ट कॉपी Ms Excel एवं हिन्दी में Unicode में "latitude and longitude" में** तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु आपके जोन के अन्तर्गत अधीनस्थ सक्षम स्तर के अधिकारी को निर्देशित कर दें कि बिना अनुस्मारक की प्रतीक्षा किये उपरोक्त वांछित सूचना को सत्यापित करते हुए ई–मेल आई0डी0–**ctconshqlu-up@nic.in** पर तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ज्ञातव्य हो प्रश्नगत कार्य की समीक्षा शासन स्तर पर निरन्तर की जा रही है।

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0।
प्रभार–एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

1– ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

2– डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को पत्र संख्या–732 दिनांक 12.10.2021 के सन्दर्भ में सम्बन्धित सूचना प्राप्त होते ही संकलित कर आई0टी0 अनुभाग को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

10/02/2022

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0।
प्रभार–एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4029
10.2.22

D:\RAJKUMAR SINGH 2021-2022\JC SAMPATTI.docx